## एक नजर में

### सीएम मोहन यादव के आगामी दौरे की तैयारियां तेज



**मक्सी, 5 नवंबर .** मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के संभावित दौरा 14 नवंबर को शाजापुर जिले के मक्सी आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर शोर पर हैं . मंगलवार एवं बुधवार को शाजापुर विधायक अरूण भीमावद, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत एवं एसडीएम मनीषा वास्कले ने मक्सी में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में मक्सी के दशहरा मैदान स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान अधिकारियों ने हेलीपैड तथा आमसभा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए . निरीक्षण के दौरान मक्सी से भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ . रवि पाण्डे, मक्सी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह खाटू पटेल, थाना प्रभारी संजय वर्मा, नगर परिषद सीएमओ अशफाक खान, राहुल जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे .

### वरिष्ठों का किया जाएगा सम्मान, 19 नवंबर को होगा मिलन समारोह



**शुजालपुर, 5 नवंबर .** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह 19 नवंबर को सार्वजनिक धर्मशाला अकोदिया मंडी में आयोजित किया जाएगा . कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन मंत्री डॉ .सुशील कुमार गेहलोत ने बताया कि 75 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्यों का सम्मान किया जाएगा . अकोदिया में हुई बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि नवंबर में सेवानिवृत्त होने वाले तथा माह नवंबर को जन्मदिवस वाले सदस्यों का भी सम्मान किया जाएगा . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राजेन्द्र रिणवा रहेंगे तथा विशेष अतिथि भी आमंत्रित किए जाएगें . बैठक में मार्गदर्शक बंशीधर पांडे, जिलाध्यक्ष केदारसिंह राजपूत, नारायण सिंह परमार, गजराज सिंह, गोपाल व्यास, रमेशचन्द्र राजपूत, विष्णु सोनी, दयाराम मालवीय, कमल सिंह, राधेश्याम पटेल, डॉ . सुशील कुमार गेहलोत आदि मौजूद थे .

### 23000 रूपये शमन शुल्क राशि वसूल

**शाजापुर, 5 नवंबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा मक्सी क्षेत्र में स्कूली वाहन बस, मैजिक आदि वाहनों की सघन चैकिंग कार्यवाही की गई. चैकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फायटर, फर्स्ट एड बॉक्स, इंमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चैक किए गए . नियम विरूद्ध संचालित वाहनों से 23000 रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की गई . चैकिंग कार्यावाही आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगी .

## हर, पहुंचे हरि के द्वार, सौंपा सृष्टि का कार्यभार



**गाजे-बाजे के साथ रथ में सवार होकर ओकारेश्वर महादेव पहुंचे श्रीराधा कृष्ण मंदिर**

**बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे हरि-हर का मिलन देखने**

**शाजापुर, 5 नवंबर. देवशयनी एकादशी से भगवान श्री हरि संपूर्ण सृष्टी का कार्यभार महादेव को सौंपकर योगनिद्रा में चले जाते हैं. प्रतिवर्ष ये योग निद्रा 4 माह की होती है. चार माह की योगनिद्रा के पश्चात देव प्रबोधिनी एकादशी पर श्री हरि जागे. उन्हें सृष्टी का कार्यभार फिर से सौंपने के लिए महादेव अपने रथ में सवार होकर पहुंचे. इस अनूठे आयोजन के साक्षी बड़ी संख्या में नगरवासी बने. वजीरपुरा स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में ओंकारेश्वर महादेव अपने रथ में सवार होकर गाजे बाजे के साथ पहुंचे और श्री हरि को सृष्टी का कार्यभार सौंपा.**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चार माह तक विश्राम करने के बाद दीपावली के बाद आने वाली एकादशी पर भगवान विष्णु को फिर से जगाया जाता है. इसके बाद आने वाली चतुर्शी जिसे बैकुंठ चतुर्दशी कहा जाता है. इस दिन तक भगवान भोलेशंकर सृष्टी का कार्यभार सृष्टी के पालनकर्ता भगवान श्री हरि को सौंपकर कैलाश पर्वत चले जाते हैं. इसी मान्यता के आधार पर धानमंडी स्थित श्रीराधा.कृष्ण मंदिर में आयोजन किया गया. धानमंडी स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर से महादेव को रथ में विराजित कर सवारी निकाली जो नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए वजीरपुरा स्थित मोढ़वणिक समाज के श्रीराधा कृष्ण मंदिर पहुंची. पूरे नगर में ओंकारेश्वर महादेव का भक्तों ने पूजन किया. मंदिर पहुंचने पर यहां भगवान भोलेनाथ की ओर से श्रीकृष्ण को बिल्वपत्र की माला भेंट की गई. इधर प्रभु श्रीकृष्ण की ओर से भोलेनाथ को तुलसी माला भेंट की गई. मान्यता है बैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान भोलेनाथ कैलाश पर्वत पर चले जाते हैं. इससे पहले वे भगवान श्रीहरि को सृष्टि संभालने की जिम्मेदारी सौंपते हैं. प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन के लिए इस बार भी पहले से ही तैयारियां कर ली गई थी. बड़ी संख्या में भक्त इस अनूठे आयोजन के साक्षी बनें, इस दौरान भक्तों ने आतिशबाजी भी की.

**भगवान बैकुंठनाथ का किया आकर्षक शृंगार**

बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर किलारोड स्थित बैकुंठनाथ मंदिर में भगवान का आकर्षक शृंगार किया गया. यहां पर बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने भगवान बैकुंठनाथ के दर्शन कर पूजन किया. यहां पर भक्तों द्वारा दीपक प्रज्जवलित कर सुख.समृद्धि की कामना की गई.

# दीयों की रोशनी से जगमगाए मंदिर, घरों में भी हुई आकर्षक सज्जा

## धूमधाम से मनाई देव दीपावली, आतिशबाजी से जगमगाया आसमान

**शाजापुर, 5 नवंबर. नगर में बुधवार को एक बार फिर दीपावली सा उत्साह और उल्लास नजर आया और आतिशबाजी से आसमान एक बार फिर जगमगाया. अवसर था देव दीपावली का. जहां लोगों ने दीपकों की रोशनी से घरों को रोशन किया. वहीं इस दिन आकर्षक रंगोली भी बनाई गई. इसके अलावा मंदिरों में भी भगवान को छप्पन भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया.**



कार्तिक पूर्णिमा का पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया. इस दिन लोगों ने दीप सज्जा से अपने घरों की सजावट की. इसके बाद शाम को नदी में दीपकों का विसर्जन कर ईश्वर से सुख.समृद्धि की कामना की. वहीं नगर में कई जगह आकर्षक दीपसज्जा भी की गई, जो नगर में आकर्षण का केंद्र रही. नगर के महूपुरा स्थित जगदीश मंदिर, मां राजराजेश्वरी मंदिर, भावसार मोहल्ला स्थित मंदिर सहित नगर के कई मंदिरों में आकर्षक दीपसज्जा की गई. वहीं नगर की महूपरा स्थित चीलर नदी पर भी दीप विसर्जन किए गए. इसके लिए लोगों की सुविधा को देखते हुए शुक्रवार को ही नगर पालिका द्वारा घाटों की सफाई करवाई गई जहां देर रात तक महिलाओं ने दीप विसर्जित कर सुख समृद्धि की कामना की. वहीं नगर के कई मंदिरों मे प्रभु को छप्पन भोग भी अर्पित किए गए साथ ही उनका आकर्षक श्रृंगार भी किया गया.

**देर रात तक हुई जमकर आतिशबाजी, फिर मनी दीवाली**

नगर में देव दीपावली का उत्साह भी दीपावली जैसा ही दिखाई दिखा और इस दिन भी नगरवासियों ने उत्साह के साथ आतिशबाजी कर देव दीवाली पर्व मनाया. सोमवारिया बाजार में भी बड़ों और बच्चों ने देर रात तक आतिशबाजी कर पर्व का आनंद लिया.



## पंजाबी मोहल्ले में हुआ गुरू का लंगर



**शुजालपुर, 5 नवंबर.** सिख धर्म के संस्थापक गुरूनानक देव की 556वी जयंती उत्सव के चलते बुधवार को नगर के सिख समाज ने पंजाबी मोहल्ला स्थित गुरूद्वारे में विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किए. गुरूसिंघ सभा शुजालपुर द्वारा प्रकाशोत्सव तहत कई दिनों से आयोजन किए जा रहे हैं. बुधवार को अखंड पाठ साहिब की संपूर्णता के बाद कीर्तन और अरदास की गई. साथ ही दोपहर को गुरू के लंगर का आयोजन किया गया. जिसमें शामिल होकर समाजजनों सहित गणमान्य नागरिकों ने प्रसादी ग्रहण की और गुरूनानक देव की जयंती की बधाई दी. बुधवार की शाम को दीवान सजाया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में सिख समाजजन दर्शन करने के लिए पहुंचे.

## मां जमधड़ मैया की महाआरती कर चढ़ाई चुनरी

### देवालयों में हुए धार्मिक आयोजन,नदी में किया दीपदान



**शुजालपुर, 5 नवंबर. कार्तिक पूर्णिमा के चलते नगर स्थित देवालयों सहित जलाशयों पर दीपदान का कार्यक्रम आयोजित हुआ. इस पर्व के चलते मंदिरों में विशेष सज्जा की गई. जनजागरण मंच द्वारा सिटी स्थित काठियां महाराज मंदिर पर जमधड़ नदी की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया. यहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीपदान का कार्यक्रम हुआ.**

इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों सहित महिलाएं उपस्थित थी. जनजागरण मंच द्वारा मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई. दीपदान के दौरान नजारा दर्शनिक लग रहा था. कार्यक्रम का शुभारंभ नीलकंठेश्वर महादेव का अभिषेक कर किया गया. इस दौरान जीवनदायनी जमधड़ नदी को चुनरी चढ़ाते हुए क्षेत्र की सुख समुद्धि के लिए कामना की गई. इसी प्रकार क्षेत्र के अन्य जलाशयों पर भी महिलाओं ने पहुंचकर दीपदान की परम्परा का निर्वाहन किया. कार्तिक पूर्णिमा पर इस मास का समापन माना जाता है. इस दिन को नागरिकों द्वारा श्रीराम के अयोध्या वापस आने की खुशियों के पर्व को अंतिम दिन के रूप में मनाया जाता है. इसी परम्परा के चलते बुधवार की शाम को पूजा अर्चना के बाद महिलाओं द्वारा जलाशयों में दीप विसर्जन किए गए. कार्यक्रम स्थल पर बडी संख्या में महिलाएं व नागरिक पहुंचे और दीप दान करते हुए उत्सव मनाया. कार्यक्रम का संयोजन जन जागरण मंच के बल्ला सोनी, प्रवीण जोशी सहित सहयोगियों ने किया.



## सोशल मीडिया चलाना अपराध नहीं, जागरूकता है जरूरी

### स्कूली छात्राओं को मक्सी पुलिस ने किया जागरूक

**मक्सी, 5 नवंबर. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में बालिकाओं को महिला संबंधित अपराधों और गुड टच, बेड टच को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी तारतम्य प्रतिदिन मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा के मार्गदर्शन में थाना स्टाफ द्वारा मक्सी नगर के कन्या शाला स्कूल, कौटिल्य स्कूल, फेम गुरुकुल स्कूल में जाकर स्कूल के बच्चों को गुडटच, बेड टच के साथ महिला संबंधित अपराधों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कानूनी जानकारी दी गई.**



पुलिस द्वारा समझाया गया कि सोशल मीडिया चलाना अपराध नहीं है, जागरूकता जरूरी है. सोशल मीडिया के बहकावे में आकर युवा पीढ़ी गलत कदम उठा रही जो घातक है. किसी प्रकार की समस्या आने पर 1090 पर काल करे या नजदीकी थाने में आकर शिकायत दर्ज कराएं. महिला संबंधित अपराध में नाम हमेशा गोपनीय रखा जाता है, बच्चे की पहली गुरु मां होती है. इसलिए हमेशा अपनी मां के साथ बात साझा करें.

## युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेटिसशिप रोजगार मेला आज

**शाजापुर, 5 नवंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना के निर्देशानुसार आज गुरूवार को राजीव गांधी शासकीय कॉलेज कालापीपल में प्रात: 11 बजे युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा.**

युवा संगम रोजगार मेला में युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिये ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आवेदको की योग्यता 8वीए 10वीए 12वीए आईटीआई एवं स्नातक, आयु 18 से 40 वर्ष तक के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाकर उपयुक्त अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा. जिला रोजगार अधिकारी ने जिले के समस्त जनपद पंचायतों के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से अनुरोध किया है कि उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाना है. इसके लिए जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक के माध्यम से गावों मे मुनादी एवं पेंपलेट से प्रचार प्रसार एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डो वाहानों के माध्यम से मुनादी करवाई गई.

## ग्रामीण अंचल का बेटा बना सीए



**शुजालपुर, 5 नवंबर. अनुभाग शुजालपुर की कालापीपल तहसील के ग्राम जाबडिया घरवास निवासी किसान के बेटे भगवान सिंह राजपूत ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की.**

उल्लेखनीय है कि एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले भगवान सिंह ने अपनी प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर जाबडिया घरवास में हिंदी मीडियम से ही प्राप्त की थी. इसके बाद भगवान सिंह ने अपनी हाई स्कूल की परीक्षा भी शुजालपुर के सरदार पटेल से उत्तीर्ण की. भगवान सिंह के पिता स्वर्गीय पर्वत सिंह ग्राम जाबडिया घरवास में किसानी करते थे और माता माया देवी गृहणी हैं. भगवान सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की. युवा भगवान सिंह ने बताया कि उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट की पढ़ाई एवं प्रशिक्षण इंदौर में ली. भगवान सिंह की इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है.

## विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव में लहराया परचम

**मक्सी, 5 नवंबर. मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा भारत सरकार खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शाजापुर में आयोजित जिला स्तरीय 29वां युवा महोत्सव प्रतियोगिता में मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर मक्सी के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं मक्सी नगर का नाम रोशन किया.**



विद्यालय के छात्र- छात्राओं भूमिका सिसोदिया, प्रियांशी पाटीदार, लव्य कौशल, हेमलता नागर, सार्थक पांडे, प्राकृत कोठारी, जिनिषा विजयवर्गीय, स्वर्णिम शर्मा, निकिता नागर, दिव्यांश जायसवाल एवं अवधेश राठौर ने सामूहिक लोकगीत प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर प्रथम स्थान प्राप्त किया.वहीं कहानी लेखन प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा तनु राठौर ने उत्कृष्ट कहानी प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक दिनेश सिंह यादव, दिलीप भावसार एवं प्राचार्य श्रीमती नेहा विजयवर्गीय ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम प्रबंधक उमेश देथलिया, एमकेवीएम विद्यालय के संगीत शिक्षक गोपाल बारोट, शिक्षक विष्णु प्रसाद देथलिया एवं श्रीमती कंचन मीना द्वारा दी गई.

## एक नजर में

### वर्षा जल संचयन की कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रसिंग से की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

## जिले के स्टॉपडेम यदि गेट विहीन पाए गए तो होगी कार्रवाई

**शाजापुर, 5 नवंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में वर्षा के जल संचय के लिए 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है. कलेक्टर सुश्री बाफ्ना द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा कर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूनतम 2 बोरी बंधान के कार्य अनिवार्य रूप से करवाए.**



साथ ही चिन्हित स्थलों पर बोरी बंधान का कार्य इसी सप्ताह में पूर्ण करवा लिया जाए. प्रत्येक बोरी बंधान कार्य उपयंत्री के तकनीकि मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण करवाया जाए. उपयंत्री प्रत्येक कार्य के लोकेशन सहित जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध करवाएंगे. पूर्व निर्मित स्टापडेमो के गेट एवं कड़ीशटर अनिवार्य रूप से लगाने का कार्य भी इसी सप्ताह में पूर्ण करवाएं. जिले में निरीक्षण के दौरान यदि कोई स्टॉपडेम गेट विहीन पाया गया तो संबंधित ग्राम पंचायत के उपयंत्री के वेतन कटौत्रा की कार्यवाही की जाएगी.

उल्लेखनीय है कि जिले में 36 बोरी बंधान बनाए गए है और 65 स्टापडेम के गेट एवं कड़ी शटर लगाने का कार्य संपन्न हुआ है. कालापीपल जनपद पंचायत में 23 बोरी बंधान बनाए गए एवं 21 स्टॉफ डेम के गेट लगाए गए वहीं मो. बड़ोदिया जनपद पंचायत में 5 बोरी बंधान एवं 17 स्टॉप डेम, शाजापुर जनपद पंचायत में 5 बोरी बंधान एवं 10 स्टॉपडेम के गेट लगाए गए एवं शुजालपुर जनपद पंचायत में 03 बोरी बंधान तथा 17 स्टॉपडेम पर गेट लगवाए जा चुके है.

## भावान्तर योजना के तहत की खरीदी का किया निरीक्षण

**शाजापुर, 5 नवंबर.** अपर मुख्य सचिव वन विभाग एवं कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर में भावान्तर योजना के तहत की जा रही सोयाबीन खरीदी कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान एसीएस अशोक वर्णवाल ने भावांतर योजना के संबंध में किसानों से भी चर्चा की. उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा भावांतर योजना के तहत शीघ्र ही लगभग 10 तारीख तक किसानों के खातों में 1000 रूपये प्रति क्विंटल के मान से राशि आने की संभावना हैं. एपीसी वर्णवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों को अनाज बेचने में किसी प्रकार की समस्या एवं अनावश्यक विलम्ब न हो.